## सार-समाचार

### शिविर का किया निरीक्षण

**करौली,** (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने ग्राम पंचायत मांची में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने शिविर में आये आमजन के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने सभी विभागाधिकारियों को प्रत्येक दिन की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करने निर्देश भी दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शिविरों में समय पर उपस्थित होकर शिविरों को सफल बनाने के निर्देश भी दिये। जिला कलक्टर ने राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगो से विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना।

### गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का लिया जायजा

**करौली,** (निसं)। ग्रामीण सेवा शिविर और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का जायजा सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना ने मांची और कोंडर के शिविर स्थलों पर पहुंच कर लिया, उन्होंने कार्मिकों को शिविरों में गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए पाबंद करते हुए अधिक से अधिक एनसीडी स्क्रीनिंग और टीबी स्क्रीनिंग के लिए पाबंद किया। उन्होंने कहा कि टीकाकरण और यूडीआईडी की सूची बनाकर संबंधितों को शिविरों के दौरान लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने शिविर आने वाले 30 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक व्यक्ति की एनसीडी स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को पाबंद किया। उन्होंने पीएचसी रतियापुरा का निरीक्षण कर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर तक महिलाओं की बीमारियों संबंधी स्क्रीनिंग ,परामर्श और उपचार लिए पाबंद कर टीबी मरीज को निक्षय पोषण किट प्रदान की ।इस दौरान बीसीएमओ करौली डॉ.ओमप्रकाश महावर डीपीसी-आईईसी लखन सिंह लोधा मौजूद रहे। इसी क्रम में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा और डीपीसी-आशा विश्वेंद्र शर्मा ने मंडरायल ब्लॉक की सीएचसी लांगरा, नींदर ,रानीपुरा और उप जिला अस्पताल में प्रदान सेवाओं का जायजा लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष पांडे ने हिंडौन ब्लॉक में फुलवाडा, जेवर वाढ अटक,सोमवार और खेड़िया में आयोजित शिविर का जायजा लिया। जेएसए रूप सिंह धाकड़ द्वारा सपोटरा ब्लॉक में अटा बीजलपुर कुड़गांव, डिकोली, डाबरा और उप जिला अस्पताल में शिविर का जायजा लिया।

### नषा मुक्ति युवा बैठक का आयोजन

**भरतपुर,** (निसं)। युवा प्रभाग एवं बह्मकुमारीज़ भरतपुर तथा श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज, सेवर भरतपुर के संयुक्त तत्वावधान में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर नषा मुक्ति युवा बैठक का आयोजन टेक्नोलॉजी पार्क के सभागार में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कविता दीदी रहीं। उन्होंने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि नषा आज की युवा पीढ़ी के लिए सबसे बड़ी चुनौती है, जो उनके उज्जवल भविश्य और राश्ट्र की प्रगति में बाधक है। उन्होंने युवाओं को नषे से दूर रहकर सकारात्मक जीवन दृश्टिकोण अपनाने का संदेष दिया और आत्मबल, अनुषासन एवं सदाचार को जीवन में अपनाने पर विषेश बल दिया। इस अवसर पर संस्था निदेषक डॉ. आलोक षर्मा ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि युवा षक्ति ही राश्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी है। यदि युवा वर्ग नषे जैसी कुरीतियों से मुक्त रहकर समाज सुधार एवं राश्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाएगा तो भारत को विष्वगुरू बनने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। अंत में सभी ने नषा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजू षर्मा, डॉ. त्रेता देवी, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. नीता माथुर, डॉ. राजकमल दिवाकर, मीरा षर्मा, महेन्द्र सर, अषोक सर, विनोद छारिया सर, बनवारी सर, सुनील सर, खेमचन्द सर, गोपाल प्रसाद, आदि गणमान्य सदस्य मौजूद थे।

### आचार्य रोहित मुदगल का किया सम्मान

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर किला स्थित बिहारी जी मन्दिर प्रांगण में समस्त बिहारी जी भक्त परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के आचार्य परम पूज्य रोहित मुद्गल महाराज का, सर्व मित्र मंडल फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रभारी एवं श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में ब्राहमण समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से माला, साफा, दुपट्टा पहनाकर एवं बिहारी जी महाराज का प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण भगवान का बरसाने में पहुंचना, पूतना वध करना एवं कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए आचार्य रोहित मुद्गल ने बताया कि पूतना वध, भगवान श्री कृष्ण द्वारा बुराई के नाश एवं अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्होंने कृष्ण की बाल लीलाओं का भी वर्णन किया। इस अवसर पर भक्ति रस से परिपूर्ण संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य यजमान नरेश खंडेलवाल एवं मंजू खंडेलवाल का भी भावपूर्ण अभिनंदन किया गया। श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कौशलेश शर्मा ने बताया कि श्रीमद्भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इस अवसर पर सर्व मित्र मंडल फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रभारी एवं श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा जती, जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, कांठोस के शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, पूर्व पार्षद मनोज शर्मा, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर, समाजसेवी बृज किशोर शर्मा, जय श्री बांके बिहारी समिति के अध्यक्ष हरगोविंद मिश्रा, एलआईसी के लाल चन्द शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता देवकीनंदन शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा मय सपत्नीक, श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर कार्यकारिणी के सदस्य पुष्पेंद्र बरसानियां, समाजसेवी अजीत लवानियां सहित अनेक विप्र बन्धु मौजूद रहे। इस अवसर पर पधारे हुए सभी आगंतुक विप्र बंधुओं को आचार्य रोहित मुद्गल जी महाराज ने माला व दुपट्टा पहनाकर अपना आशीर्वाद दिया। मुख्य यजमान नरेश खंडेलवाल एवं मंजू खंडेलवाल ने सभी अतिथि विप्र-बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बाल विवाह उन्मूलन के लिए धर्म गुरुओं ने लिया संकल्प

**हिण्डौन सिटी/सवाई माधोपुर**, (निसं)। बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था द्वारा 12 से 24 सितंबर तक ग्राम राज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से वैश्विक अंतर धार्मिक सप्ताहांत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सवाई माधोपुर जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों-त्रिनेत्र गणेश मंदिर रणथंभौर, चौथ माता मंदिर चौथ का बरवाड़ा, गुरुद्वारा और मस्जिद-के महंतों व प्रतिनिधियों ने समाज को संदेश दिया कि बाल विवाह समाज और विशेषकर बालिकाओं के भविष्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। धर्मगुरुओं ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह लड़कियों की शिक्षा, कौशल और अधिकारों की समझ को सीमित कर देता है। इसके कारण कम उम्र में गर्भधारण, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि, स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें, शिक्षा व रोजगार की कम संभावनाएं तथा हिंसा व शोषण जैसे गंभीर खतरे बढ़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ नैतिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी सबसे बड़ी चुनौती है। संस्था की प्रतिनिधि सुमित्रा शर्मा ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कराना अपराध है। अभियान के दौरान सभी धर्मगुरुओं ने संकल्प लिया कि वे किसी भी बाल विवाह को न तो संपन्न कराएंगे और न ही उसमें शामिल होंगे। इस अवसर पर जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सुमित्रा शर्मा, रेड एंड रेस्क्यू ऑफिसर विजय कुमार, फील्ड कोऑर्डिनेटर विष्णु गुर्जर और दिनेश बेरवा मौजूद रहे।

### शेरपुर में स्वास्थ्य परामर्श शिविर

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहेसेवा पखवाड़ाकार्यक्रम के तहत शुक्रवार को गांव शेरपुर स्थित विवेक पब्लिक स्कूल में निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर आयोजित हुआ। शिविर में मुख्य परामर्शदाता के रूप में दंत चिकित्सक एवं रुकमणि हॉस्पिटल की संचालक, भाजपा जिला प्रवक्ता डॉ. हेमलता गुप्ता ने सेवाएं दीं। शिविर में 65 मरीजों ने स्वास्थ्य परामर्श व उपचार का लाभ लिया। कार्यक्रम में भाजपा खेड़ा मंडल अध्यक्षा गीता देवी जाट,मन की बातकार्यक्रम के हिंडौन विधानसभा संयोजक विजय सिंह डागुर, सेवा पखवाड़ा संयोजक रामप्रकाश डागुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष ऊधम सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सलीम अली, मंडल उपाध्यक्ष सतेंद्र जी, रामदयाल सैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सेवा शिविर में पात्रजनों को मौके पर मिले लाभ : जिला कलक्टर

- महुआ में सड़क पर पानी भराव समस्या होगी दूर, हटेंगे क्षतिग्रस्त विद्युतपोल
- भरतपुर जिले में 13 ग्राम पंचायतों पर आयोजित हुए ग्रामीण सेवा शिविर

**भरतपुर,** (निसं)। आमजन की समस्याओं के निराकरण एवं पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ लेने के लिए चलाये जा रहे ग्रामीण सेवा शिविरों के तहत जिले में गुरूवार को 13 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये गये जिसमें जिला कलक्टर कमर चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने शिरकत कर पात्रजनों को योजनाओं का मौके पर लाभ दिलाया।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने महुआ ग्राम पंचायत शिविर में भाग लेकर विभागीय कार्यों की जानकारी ली तथा आमजन को मौके पर लाभान्वित करते हुए स्वीकृति पत्र सौंपे। आमजन से रूबरू होते हुए उन्होंने राजस्व विभाग को शत प्रतिशत गिरदावरी करते हुए फसल बीमा योजना प्रयोग को सफलता से करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसानों को बीमा योजना के तहत निष्फल बुवाई, फसल खराबे की स्थिति में बीमा योजना का लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन दिया जाये। उन्होंने राजस्व संबंधी सभी कार्यों की जानकारी देकर किसानों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करने, जाति-मूल निवास प्रमाणपत्र जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने पंचायतीराज विभाग को सभी पात्रजनों को स्वामित्व योजना के पट्टे जारी करने, शौचालय विहीन परिवारों को चिन्हित कर लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में चल रहे सभी विकास कार्यों का सत्यापन किया जाये। उन्होंने चिकित्सा विभाग को निर्देश दिये कि नागरिको को पीएम जन आरोग्य कार्ड जारी करें, गर्भवती महिलाओं का सर्वे कर योजनाओं की जानकारी दे तथा सभी नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करना सुनिश्चित करें।

ग्रामीणों द्वारा महुआ से ढांडा गांव को जाने वाली सड़क पर सपाट पर पानी भराव से आने वाली समस्या की जानकारी देने पर उन्होंने 7 दिवस में सपाट के नीचे पाइप डालने के निर्देश दिये। गांव में ब्राह्मण मौहल्ले में सुरेश नाई के मकान के पास क्षितग्रास्त पोल को 3 दिवस में बदलने, मंगतुराम के मकान पास क्षतिग्रस्त पोल को बदलने के निर्देश दिये। ग्रामीणों की मांग पर जिला कलक्टर ने महुआ पीएचसी पर एक्स-रे मशीन के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो क्षतिग्रस्त कक्षों का विद्यालय विकास निधि से मरम्मत करवाने के निर्देश दिये।जिला कलक्टर ने शिविर में 70 जनों को स्वामित्व योजना के पट्टे, कृषि विभाग के फसल बीमा योजना के 10 किसानों को पॉलिसी का वितरण किया। 14 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट के लिए चयन किया गया, 62 ईकेवाईसी की गई। खाद्य सुरक्षा योजना के सभी पात्र परिवारों की ईकेवाइसी की गई, टीवी मुक्त अभियान के लिए 8 निश्चिय मित्र बनाये गये। सभी पेंशनर्स एवं पालनहार योजना के लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। जिला कलक्टर ने विद्यालय परिसर में हरियालो राजस्थान के तहत पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी राजीव शर्मा, तहसीलदार ताराचंद सैनी सहित संबन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले में गुरूवार को उपखण्ड भरतपुर में ग्राम पंचायत महुआ, बांसी खुर्द, नदबई में नयावास व वारोली छार, भुसावर में छौंकरवाड़ा कला व सलेमपुर खुर्द, वैर में गांगरोली व जगजीवनपुर, बयाना में गुर्दा नदी व खोरा, रूपवास में निभेरा व बरिधा तथा उच्चैन में ग्राम पंचायत बहरारेखपुरा में शिविर आयोजित किये गये।

## पूर्व विधायक सहित तीनों जनों मामला दर्ज

**रुदावल।** रुदावल थाना पुलिस में एक जने ने पूर्व भाजपा विधायक बच्चूसिंह बंशीवाल सहित तीन जनों के खिलाफ उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर अवैध रूप से ब्लास्टिंग कर अवैध खनन करके पत्थर चोरी कर ले जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। रुदावल थाना प्रभारी बालकृष्ण फौजदार ने बताया कि गांव बांसी पहाडपुर निवासी रामअवतार पुत्र नृपतसिंह ठाकुर ने मामला दर्ज कराया है कि उसकी व उसके परिवारजनों की गांव बांसी में खातेदारी जमीन है। इस जमीन पर पूर्वजो के समय से काश्त करते चले आ रहे है, लेकिन इस जमीन पर मानसरोवर जयपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र नैमीचंद, गांव बसई निवासी बच्चूसिंह पुत्र कंचनसिंह, गांव महलपुर चूरा निवासी हरिओम सिंह पुत्र बेतालसिंह ने एकराय होकर जबरन हथियारों व राजनैतिक पहुंच के बल पर 27 जून 2025 को कब्जा कर जेबीसी मशीन व एलएनटी एवं ट्रेक्टर से डोल मेड तोडकर अवैध रूप से माईनिगं कर अवैध ब्लास्टिंग करने लग गए है।

## सेवा पखवाड़े के तहत स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण बांटे

- कल्याणकारी योजनाओं से लाभ लेकर विकसित भारत में भागीदार बनें : जिला कलक्टर

**भरतपुर,** (निसं)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर नागरिक स्वरोजगार के साथ देश के विकास में भागीदारी निभाऐंगें तो निश्चित रूप से विकसित भारत की संकल्पना साकार होगी।

जिला कलक्टर गुरूवार को नगर निगम सभागार में सेवा पखवाडे के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा प्रत्येक नागरिक को पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ देकर उसके कौशल का सदुपयोग करते हुए विकसित भारत में भागीदारी बनाना है। इसके लिए सरकार ने युवाओं, लघु उद्यिमयों, दस्तकारों एवं स्थानीय स्तर पर अपनी आजिविका के लिए कार्य करने वाले नागरिकों को आर्थिक संबल की अनेक योजनाऐं चलाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना में छोटे-छोटे उद्यिमयों, दस्तकारों, हुनरमंदों के लिए 10 हजार से लेकर 50 हजार तक ऋण की सुविधा प्रदान की गई है। यह ऐसे लोगों के लिए बड़ी राहत है, इससे अपना व्यवसाय, कार्य को विस्तारित कर सकेगें। उन्होंने कहा कि यह योजना अब 2030 तक विस्तारित कर दी गई है, इससे लघु व्यवसायियों को सीधा लाभ मिलेगा। जिला कलक्टर ने कहा कि स्वनिधि योजना के माध्यम से प्राप्त ऋण की किश्त समय पर जमा कराने वाले का क्रेडिट स्कोर सवत: ही बढने से 50 हजार तक की ऋण सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधयों को ऐसे सभी नागरिकों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने तथा बैंकों को समय पर ऋण स्वीकृत करने का आव्हान किया। समारोह में 15 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के ऋण वितरण के चैक सौनपे गये। 25 लाभार्थियों को पहचान पत्र जारी किये गये।

आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई ने बताया कि योजना में सभी श्रेणियों के नागरिकों को जानकारी देने के लिए नियमित रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगम स्तर पर ऐसे परिवारों का सर्वे कर बैकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराया जा रहा है। उन्होंने योजना के तहत मिलने वाले लाभ एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर जिला अठाणी प्रबन्धक प्रशांत कुमार, निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रूपेन्द्रसिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज, शैलेष कौशिक, गिरधारी तिवारी, पूर्व पार्षद, प्रेमपाल, हरेन्द्र, दाउदयाल सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## शिविर में 21यूनिट रक्त एकत्रित

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत केंद्र के मार्ग निर्देशन में गंगापुर सिटी के छत्रपति शिवाजी युवा मंडल ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर इसके साथ निशुल्क मेडिकल जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अथितियों द्वारा स्वामी विवेकानंद व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षाविद् डॉ हेमंत शर्मा रहे। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में समाजसेवी अनुज शर्मा, डी ओ हिंदुस्तान स्काउट गाइड भरतलाल प्रजापत, जय सिंह राजपूत एवं जिला सोशल मीडिया संयोजक सारांश जैन रहेद्य अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर जोर दिया और इसे जीवन बचाने का एक महत्वपूर्ण कार्य बताया। कार्यक्रम में युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और कुल रक्त 21 यूनिट रक्त एकत्र किया गयाद्य जो जरूरतमंद मरीजों की सहायता प्रदान करेगा। साथ ही वृक्षारोपण भी किया। इसी के साथ कार्यक्रम में युवा मंडल अध्यक्ष राहुल जागा ने युवाओं को माय भारत पोर्टल के बारे में विस्तार से बताया। युवाओं को प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत 2047 के विजन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। मंडल के सदस्यों ने युवाओं से माय भारत पोर्टल पर 2026 क्विज में पंजीकरण करने का आग्रह किया जिसके माध्यम से युवाओं को प्रधानमंत्री जी के समक्ष विकसित भारत के बारे में अपने विचार रखने का अवसर प्राप्त होगा। युवा मंडल के अध्यक्ष राहुल जागा ने बताया कि यह शिविर युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट के प्रति उनके समर्पण की भावना को बढावा देने के लिए आयोजित किया गयाद्य रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र व पौधे देकर प्रोत्साहित किया गया हैद्य सभी को पौधे इदगाह मोड स्थित पलाक्षी फैशन द्वारा प्रदान किये गएद्य सभी का आभार व्यक्त किया गयाद्य इस दौरान कार्यक्रम मे माय भारत स्वयंसेवक रिजुल गर्ग, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रवीण गोयल, युवा मंडल सदस्य संजय प्रजापत, नितेश महावर, कल्लू बैरवा, जीतू बैरवा, नवनीत जोशी, हरीश एवं सामाजिक पधाधिकारी सहित कई युवा मौजूद रहे।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**करौली,** (निंसं.) गत वर्ष दिसंबर माह में एक किशोरी को बहला फुसलाकर आरोपी जयपुर ले गया जहां जाकर किशोरी के साथ में दुष्कर्म किया जिस मामले में परिजन ने मुकदमा दर्ज कराया मुकदमा दर्ज के बाद पुलिस ने किशोरी को जयपुर से दस्ताव किया और पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया जिस मामले में पोक्सो कोर्ट के सिविल न्यायाधीश बृजेश शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सुनवाई करते हुए फैसले में आरोपी को 10 साल के कारावास की सजा के साथ ही 1लाख 80 हजार रुपये के अर्थ दंड की सजा सुनाई विशिष्ट लोक अभियोजक गजेंद्र शर्मा ने यह जानकारी दी है।

## दूसरे दिन भी जिला रहा बंद

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। शहर के मध्य स्थित बद्रीनाथ मंदिर को लेकर अग्रवाल-खंडेलवाल धर्मशाला ट्रस्ट और पुजारी रामेश्वर शर्मा के बीच बुधवार से जारी विवाद प्रशासन की सकारात्मक पहल नहीं होने से दूसरे दिन भी शहर के बाजार बंद रहे और दोनो समाजो के लोग दूसरे दिन गुरूवार को भी धरना स्थल पर मोजूद रहे। वहीं गंगापुर अग्रवाल खण्डेलवाल समाज के समर्थन में आसपास क्षेत्र के दोनो समाजो के प्रतिष्ठान बंद रहे।

## स्वच्छता अभियान चलाया

**गंगापुर सिटी,** । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को हीरालाल तिवारा मोक्षधाम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा पखवाडा कार्यक्रम का हिस्सा था। भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को बढावा देने के साथ-साथ नागरिकों में सफाई के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि अपने घर, प्रतिष्ठान और शहर को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है और भाजपा कार्यकर्ता इस दिशा में समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने मोक्षधाम परिसर की गहन सफाई की और उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर सभी ने अपने आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में निरंतर योगदान देने का संकल्प भी लिया। इस स्वच्छता अभियान में शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, सेवा पखवाडा मंडल संयोजक एवं महामंत्री कमलेश महावर, महामंत्री गोविंद गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक व पार्षद महेश कटारिया, सह संयोजक व पूर्व पार्षद भागचंद कटारिया, राजेन्द्र गुर्जर, मंडल उपाध्यक्ष शिवदयाल जोशी, चिरंजी लोधा, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, विकास सैनी, मंडल मंत्री कमला मीणा, मनोज सोनी, जितेन्द्र शर्मा, मुकेश प्रजापत, रवि डीलर और विजय बोहरा सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला प्रभारी सचिव ने लिया ग्रामीण व शहरी शिविर का जायजा

- शिविरों में आने वाला नागरिक निराश होकर नहीं लौटे : जिला प्रभारी सचिव

**भरतपुर,** (निसं)। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के निराकरण व योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिये ग्रामीण सेवा शिविर का जिला प्रभारी सचिव एवं परिवहन आयुक्त शुचि त्यागी ने निरीक्षण कर आमजन की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागों के माध्यम से मौके पर ही पात्रजनों को लाभान्वित करवाया।

ग्रामीण सेवा शिविर का जिला स्तरीय आयोजन वैर पंचायत समिति के ग्राम सरसेना में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण कर शिविर में किए गए कार्यों की जानकारी ली। अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। जिला प्रभारी सचिव ने कहा कि अधिकारी शिविर आयोजन से पूर्व क्षेत्र की जनता को पूरी जानकारी देकर प्रमुख समस्याओं को सूचीबद्ध करें तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का सत्यापन करने के साथ पात्रजनों को शिविर में लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ आयें, विभागीय योजनाओं की जानकारी आमजन को देते हुये शिविरों में सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को शतप्रतिशत पूरा करें। उन्होंने मूलभूत सुविधाओं से संबंधित सार्वजनिक समस्याओं का समाधान करने के साथ व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं से भी अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग इस प्रकार कार्य करे कि काश्तकारों की लम्बित समस्याओं का मौके पर समाधान हो, विकास कार्य का सत्यापन करते हुये विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से फीडबैक भी लें। उन्होंने शिविर में आने वाले सभी नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक दस्तावेजों को तैयार करने में भी प्रोएक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिये।जिला प्रभारी सचिव ने विभागवार स्टॉल का निरीक्षण कर किसानों को पीएम सम्मान निधि, खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों की ई-केवाईसी, सामाजिक सुरक्षा के पेंशनरों का सत्यापन एवं स्वामित्व योजना के सभी पात्रजनों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग योजनाओं की जानकारी देकर पात्रजनों को शतप्रतिशत लाभान्वित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पशुधन का मंगला बीमा योजना में पंजीकृत करने, टीवी स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य परीक्षण एवं सहकारिता के नये कानूनों की जानकारी देने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला कलक्टर कमर चौधरी, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**करौली,** (निसं)। अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ ने मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौपा। ज्ञापन मे सेवारत चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेजो मे चिकित्सक शिक्षकों की नियुक्ति हेतु राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की नयी गाइडलाइन टीईक्यू 25 की शीघ्र पालना करते हुए सेवारत चिकित्सकों का चिकित्सा, शिक्षा विभाग मे समायोजन, चिकित्सा शिक्षा, राजमेश, चिकित्सा एवं स्वास्थय विभाग का एकीकरण, एसआरशिप हेतु चयनित हो चुके सेवारत चिकित्सकों को रिलीव करने, तय समय पर लंबित डीएसीपी पूर्ण करवाने की प्रमुख मांगे रखी। जिला प्रवक्ता डॉ प्रेमराज मीना ने बताया की मेडिकल कॉलेजो मे फैकल्टी की कमी को पूरा करने हेतु एनएमसी द्वारा 30 जून 25 को गजट नोटिफिकेशन जारी कर 220 बेडेड अस्पतालों मे कार्यरत सेवारत चिकित्सकों को निर्धारित अनुभव एवं योग्यतानुसार सहायक आचार्य, सह आचार्य, आचार्य बनाने हेतु चिकित्सा शिक्षा नियमों मे परिवर्तन किया है जो की स्वागत योग्य कदम है इस हेतु राज्य सरकार ने कमेटी का गठन कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है जिसके लिए संघ मुख्यमंत्री की पहल की सराहना करता है। जिला अध्यक्ष डॉ बाबू लाल मीना ने बताया की जनहित मे चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने एवं मेडिकल छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी से रिपोर्ट प्राप्त कर जरुरी सेवा नियमों मे शीघ्र संशोधन करवा के सेवारत चिकित्सकों का चिकित्सा शिक्षा मे समायोजन करना चाहिए। वरिष्ठ सदस्य डॉ भुवनेश बंसल ने बताया की एनएमसी की नई गाइडलाइन चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र मे क्रन्तिकारी कदम होगी जिससे आने वाले समय मे राजस्थान की भूमिका चिकित्सा के क्षेत्र मे अग्रणी भूमिका रहेगी।डॉ गोविन्द गुप्ता के अनुसार नई गाइडलाइन की पालना मे समायोजन करने से राज्य सरकार पर किसी भी तरह का वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा।डॉ चंद्रशेखर डागुर ने बताया की चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजमेश सभी का मूल उद्देश्य एक ही है इनका एकीकरण करके सेवारत चिकित्सको की मांगो का त्वरित समाधान संभव है। डॉ ओमप्रकाश मीना ने सेवारत चिकित्सकों की लंबित डीएसीपी को विशेष अभियान चलाकर पूर्ण किये जाने की मांग की। चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप-1) के चुनिंदा सदस्यों द्वारा निहित स्वार्थो, मेडिकल छात्रों के भविष्य से खिलबाड़ एवं जनता के हितो के विपरित सेवारत चिकित्सकों की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है की सेवारत चिकित्सक संघ कड़े शब्दो मे निंदा करता है। साथ ही संघ आमजन एवं मेडिकल छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु कार्यवाही करने हेतु त्वरित कमेटी गठन करने पर मुख्यमंत्री , चिकित्सा मंत्री का आभार व्यक्त करता है।

### टेंपो पलटने से युवक की मौत

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गुरुवार को सदर थाना क्षेत्र के उगाडमल बालाजी के पास एक टेंपो पलटने से हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गंगापुर सिटी के राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नौगांव निवासी रवि कुमार माली (18) पुत्र मुनेश माली सहित तीन अन्य लोग टेंपो में बैठकर अपने गांव जा रहे थे। उगाडमल बालाजी के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक को बचाने के प्रयास में टेंपो अचानक पलट गया। हादसे में टेंपो में सवार रवि कुमार माली (18) को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें राजकीय जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, कमला (86) पत्नी रामसिंह, रवि (25) पुत्र ओमप्रकाश माली और मूली देवी (85) पत्नी सांचीराम बैरवा घायल हो गए। इन सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर मृतक रवि कुमार माली के शव का पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**करौली,** (निंसं.) करौली जिला मुख्यालय पर गुरुवार को दोपहर करीब 2 घंटे तक हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया वहीं किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें देखी गई। बीते तीन-चार दिन से करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग भीषण गर्मी और उमस की मार झेल रहे थे गुरुवार को दोपहर 1:00 बजे बाद अचानक मौसम में पलता खाया और आसमान में घने काले बादल जाने लग गए और देखते ही देखते दोपहर 2:00 बजे से झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ जो करीब 2 घंटे तक चला इस दौरान सड़कों पर पानी बह निकला अचानक हुई बारिश से किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें देखी गई क्योंकि इन दिनों खेतों में बाजरे की फसल कटाई का कार्य चल रहा है और बाजरे की वाले खेतों में कटी पड़ी हुई है जिन्हें समेटने में किसानों को खासी परेशानियां उठानी पड़ी इधर बारिश के बाद नदी नालों में भी नदी की आवक हुई करौली में पंचना बंध का जलस्तर 257, 95 था जो बढ़कर 258 पर पहुंच गया।

### जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 21 को

**करौली,** (निंसं.) जिला बास्केटबॉल संघ, करौली द्वारा 21 सितम्बर को श्री कैलादेवी मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय कैलादेवी के खेल मैदान पर जिला स्तरीय सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता (पुरूष एवं महिला वर्ग) का आयोजन किया जावेगा। जिला बॉस्केटबॉल संघ करौली के सचिव गोविंद सिंह सेंगर ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित खिलाडी (महिला एवं पुरूष वर्ग) करौली जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए 9. से 12.अक्टूबर तक डीडवाना में आयोजित होने जा रही 75वीं सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। उन्होने बताया कि इस बास्केटबॉल प्रतियागिता में भाग लेने वाले खिलाडी को करौली जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है, और वह खिलाडी किसी अन्य जिले / प्रदेश से संबंधित / पंजीकृत नहीं होना चाहिये। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाडी टीमें अपनी प्रविष्टि आयोजन अध्यक्ष किशनपाल सिंह मोबाईल 9413051292 एवं आयोजन सचिवकृष्णोतार सिंह मोबाईल 9772241097 को 20 सितम्बर दोपहर 3:00 बजे तक जमा करादे उन्होने बताया कि सभी खिलाडी दो पासपोर्ट साइज फोटो, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्वयं का बैंक खातापासबुक / चैकबुक साथ लावें एवं सेवारत खिलाडी अपने विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई.निविदा सूचना – सिविल इंजीनियरिंग, कोटा मण्ड़ल**
**संख्या–डब्ल्यू/623/15 दिनांक–17.09.2025**

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवम उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई.निविदा आमंत्रित करते है। **टेंडर संख्या:** 190/2025, **कार्य का विवरण:** कोटा: प्रोविजन ऑफ शेड़ एण्ड़ फ्लोरिंग ईटीसी वर्क एन एससी एण्ड़ एसटी एसोसिएशन ऑफिस ऑफ ड़ब्लयूआरएस कॉलोनी, **अनुमानित लागत:** 1265821.96, **बयाना राशि:** 25300.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:** 06.10.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेंडर संख्या:** 191/2025, **कार्य का विवरण:** कोटा: प्रोविजन टू इम्प्रूवमेंट ऑफ एससी एण्ड़ एसटी एसोसिएशन वाय फिक्सिंग न्यू टाइल्स व्हाइट वॉश सेनेट्री फिटिंग कन्क्रीट फ्लोरिंग एण्ड़ शेड़, **अनुमानित लागत:** 1243217.93, **बयाना राशि:** 24900.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:** 06.10.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेंडर संख्या:** 192/2025, **कार्य का विवरण:** नगदा – कोटा सेक्शन – टीआरआर (पी) – 27.925 कि.मी. विद 60 केजी रेलस, टीटीआर (एफ़एस)–18 न. एण्ड़ टीएफआर – 26.165 कि.मी., **अनुमानित लागत:** 25189624.19, **बयाना राशि:** 276000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:** 06.10.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेंडर संख्या:** 193/2025, **कार्य का विवरण:** कोटा गंगापुर सेक्शन – रिप्लेसमेंट ऑफ एग्जिस्टिंग ब्रिज नं. 305 (स्पेन 3 X 0.46 मी. पाइप) एट कि.मी.: 1031/31–1014/01 बिटविन खांजना डूगर–कोटा स्टेशन बाई प्रीकास्ट आरसीसी बोक्स बाई कट एण्ड़ कवर मेथड अण्डर एड़ीईएन सवाईमाधोपुर, **अनुमानित लागत:** 7681343.79, **बयाना राशि:** 153600.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:** 06.10.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेंडर संख्या:** 194/2025, **कार्य का विवरण:** सिनियर ड़ीईएन/साउथ एण्ड़ ड़ीईएन/ईस्ट जूरिस्डिक्शन – सप्लाई, इन्सटालेशन एण्ड़ कमीशनिंग ऑफ ट्रेक बेस्ड़ रेल गेज़ फेस लुबरिकेटर (इलेट्रोनिक्स टाइप) (विद एएमसी ऑफ 5 ईयरस)–20 नम्बर्स, **अनुमानित लागत:** 27188136.00, **बयाना राशि:** 286000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:** 09.10.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेंडर संख्या:** 195/2025आर, **कार्य का विवरण:** कोटा डिविजन: कन्सट्रेक्शन ऑफ रिले, बेट्री एण्ड़ आईपीएस रूम इन कनेक्शन विद इआई/आरईपीएल इनड़ोर सिग्नलिंग गियरस ऑन एज–कम कंड़िशन बेसिस फॉर इन्शुरिंग सेफ्टी ऑफ ट्रेनस एट गुड़ला नार्थ एण्ड़ गुड़ला स्टेशन, **अनुमानित लागत:** 4068482.20, **बयाना राशि:** 81400.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:** 06.10.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेंडर संख्या:** 196/2025, **कार्य का विवरण:** कोटा–बयाना सेक्शन–टीएसआर (पी)–111.779 कि.मी. वाय पीक्यूआरएस विद कॉन्ट्रेक्टरस पोर्टल 108.319 कि.मी. एण्ड़ मेन्युएल–3.460 कि.मी. इनकुलिंड़िग सबसाइड़री वर्क विद बीसीएम, **अनुमानित लागत:** 260636800.89, **बयाना राशि:** 1453200.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:** 08.10.2025 को 15:30 घंटे पर। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई.निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता हैं।

हस्ता.
**वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**

